## सार-समाचार

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी 5 को

**गुडामालानी,** (निसं)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर उपखंड मुख्यालय गुडामालानी पर स्थित दादा अमीरुद्दीन हैदर की दरगाह पर 5 सितम्बर को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर दरगाह कमेटी के सदस्यों कि बैठक आयोजित हुई जिसमें कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई । दरगाह कमेटी के सदर जफर खान कोटवाल ने बताया कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी त्योहार पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा यौमे पैदाइश के रुप में मनाया जाता है । जिसमें मुस्लिम समाज के लोग बडी संख्या में शामिल होंगे । वही जूलूस निकाला जायेगा । खंजासी रमजान खान कोटवाल व सचिव लाखु खा ने कहा कि कार्यक्रम के तहत जुलूस अहिंसा सर्कल से निकालकर दादा अमिरुदीन हैदर की दरगाह तक आयेगा । तथा मिलाद व लंगर का प्रोगाम होगा जिसमें सभी मुस्लिम समाज बन्धुओं भाग लेंगे ।

### तेजा दशमी पर मेला भरा

**पाली,** तेजा दशमी के अवसर पर बांगड़ मिल चली में मेला सा लग रहा, जहां सुबह से ही विभिन्न मोहल्ले से ढोल धमाका के साथ रंग-बिरंगे झंडा उठाए लोग तेजाजी मंदिर पहुंच रहे हैं, ढोल धमाके के साथ महिलाएं नाचती हुई मंदिर प्रांगण में पहुंच रही है और वीर तेजाजी महाराज के आगे नारियल और चूरमे का भोग लगाकर अपनी मनोकामना पूर्ण की, पूरे मंदिर में भीड़ जोड़ों की है एक झंडा ब्यावर ले जाया गया वहां पर भी मेले का आयोजन किया गया है मिल प्रबंधक कमेटी की ओर से एक झंडा भेजा गया दूसरा झंडा मिल चली में हर वर्ष लगाया जाता है, पूर्व रात्रि में या भजन संध्या का आयोजन किया गया सुरक्षा को देखते हुए पुलिस की माकुल व्यवस्था की गई है।

### सालाना जलसा सम्पन्न

**धोरीमना** । उपखंड के कोलियाना गांव में हजरत सैय्यद जलालुद्दीन शाह का सालाना जलसा व जश्नें ईद मिलादुन्नबी बडी हकीकत एहतराम के साथ मनाया गया। उर्स मे शरीक होने वाले अकीदत मद जायरीन जलसे मे सामिल होने के लिए निजी बसो व वाहनों मे मे दरगाह शरीफ पहुंचे। उसके बाद सय्यद इकबाल शाह मटारी कि उपस्थिति मे चादर पोशी व गुलपोशी कि रसम के बाद तिलावत ए कुरआन के बाद कार्य कर्म सुरु हुआ। मौलाना अबदुल मुस्तफा गोषवी ने आए मोमिनों को मोहम्मद के सच्चे रसते पर चलने कि अपील की। उसके बाद मोलाना गुलाम हेदर सिद्दिकि व मौलाना रीयाज अहमद अनवारी ने भी नमाज के बारे मे मोमिनो को समझाया ओर व मौलाना जानब अली सोहरवर्दी ने भी गौष बहावल हक के बताए गए मार्ग पर चलने कि अपील की । उसके बाद नात को सिन्धी भाषा मे गुनगुनाई व उसके बाद गजल व रात्रि 12 बजे के बाद सलातो व सलाम के बाद सुरीलि धुन मे मोलुद शरीफ का प्रोगाम के बाद कार्यक्रम का अंतिम रुप सम्पन्न हुआ । संचालन जामा मस्जिद के पेश इमाम के मोलाना निजामुद्दिन ने किया। दरगाह कमेटी जमाते गोषिया ने आए सभी अकिदत मत जायरीनो का आभार व्यक्त किया।

### नवनियुक्त नर्सिंग अधीक्षक हंजाराम का स्वागत

**जालोर** । जिला चिकित्सालय जालोर में नवनियुक्त नर्सिंग अधीक्षक हंजाराम सुन्देशा का मंगलवार को जिला चिकित्सालय एमसीएच एवं ट्रामा सेंटर जालोर के नर्सिंग स्टाफ ने स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर पीएमओ डॉक्टर वेद प्रकाश मीणा, उप नियंत्रक डॉक्टर कमलेश मीणा, एमसीएच नर्सिंग अधीक्षक पुष्पेंद्र भारती, डॉ. गजानंद शर्मा, डॉ. विजय मीणा, डॉ. विकासकाला की मौजूदगी में नवनियुक्त नर्सिंग अधीक्षक का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पीएमओ ने सभी को चिकित्सालय हित में कार्य करने की बात कही वही नहीं नवनियुक्त नर्सिंग अधीक्षक ने चिकित्सालय में आपसी सहयोग से चिकित्सालय में ओर अच्छी सुविधा करने का प्रयास करेंगे । कार्यक्रम का संचालन शहजाद खान ने किया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय एमसी एच, ट्रॉमा सेंटर के स्टाफ मौजूद थे।

# पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देख स्वदेशी अपनाने का संकल्प

■ **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्राकृतिक आपदा के बारे में पीडित परिवारों के प्रति संवेदना के साथ बचाव व राहत कार्यों के बारे में कहते हुए जम्मू कश्मीर के बारे में कहा कि बाढ़ और बारिश की तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इसमें प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के एक स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में लोगों के इकट्ठा होने व पुलवामा के पहले डे-नाइट क्रिकेट मैच खेले जाने तथा श्री नगर की डल झील पर आयोजित देश में पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल के बारे में बताया**

**पाली** । 2 सितंबर को महाराणा प्रताप मंडल की बैठक आयोजित की गई जिसमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मान मदन जी राठौर व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील जी भंडारी व पूर्व विधायक ज्ञानचंद जी पारख,पूर्व उपसभापति मूल सिंह भाटी व मंडल प्रभारी श्री रामकिशोर जी साबू सह प्रभारी त्रिलोक चौधरी के मार्गदर्शन से 31 अगस्त रविवार को मन की बात कार्यक्रम भाजपा महाराणा प्रताप मंडल पाली अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह भाटी के सानिध्य अपने-अपने घर, अपने-अपने बुथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 125 वें संस्करण का लाइव प्रसारण देखने का आयोजन किया गया।

मन की बात में स्वदेशी व स्वच्छता का संदेश: मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्राकृतिक आपदा के बारे में पीडित परिवारों के प्रति संवेदना के साथ बचाव व राहत कार्यों के बारे में कहते हुए जम्मू कश्मीर के बारे में श्री मोदी ने कहा कि बाढ़ और बारिश की तबाही के बीच जम्मू-कश्मीर ने दो बहुत खास उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इसमें प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के एक स्टेडियम में रिकॉर्ड संख्या में लोगों के इकट्ठा होने व पुलवामा के पहले डे-नाइट क्रिकेट मैच खेले जाने तथा श्री नगर की डल झील पर आयोजित देश में पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल के बारे में बताया इस दौरान खिलाडियों से बातचीत का भी वीडियो प्रसारण हुआ। मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने यूपीएससी, सौर ऊर्जा, हैदराबाद लिबरेशन डे, इंजीनियर डे, भारतीय संस्कृति के प्रभाव, प्रतिभा सेतु, विश्वकर्मा जयंती आदि विषयों पर मन की बात बताई। रविवार को मन की बात में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को स्वच्छता व स्वदेशी का विशेष संदेश देते हुए गर्व से कहो ये स्वदेशी है, गर्व से कहो ये स्वदेशी है, गर्व से कहो ये स्वदेशी है के भाव को लेकर आगे चलने का आव्हान किया। एक ही मंत्र वोकल फॉर लोकल, एक ही रास्ता आत्मनिर्भर भारत, एक ही लक्ष्य विकसित भारत। का संदेश देते हुए मन की बात में त्योहारों में स्वदेशी की बात कभी भी नहीं भूलने, उपहार वही जो भारत में बने हो, पहनावा वही जो भारत में बुना हो, सजावट वही जो भारत में बने सामान से हो, रौशनी वही जो भारत में बनी झालरों से हो और भी ऐसा बहुत कुछ, जीवन की हर जरूरत में सब कुछ स्वदेशी होने का कहा। साथ ही स्वच्छता का संदेश दिया। प्रभारी ने बताया कि भाजपा महाराणा प्रताप मंडल पाली ने पहली बार 100 के साथ 49 में से 49 बूथों पर आयोजन करवाने के साथ ही सरल ऐप पर चढ़कर पाली विधानसभा 118 को राजस्थान में टॉप पर ले गए और हमारे पाली जिले को भारत वर्ष में पहला स्थान प्राप्त हुआ। इस दौरान कार्यक्रम के महाराणा प्रताप मंडल पाली के संयोजक ओम जी स्वामी सहसंयोजक सुरेंद्र सिंह जोधा (गोदावास) व हजारीलाल यादव,मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह भाटी,पूर्व मंडल अध्यक्ष नरपत दवे,पूर्व पार्षद चरणदास आदिवाल, पूर्व पार्षद श्याम बंजारा,पूर्व पार्षद गोपाल बंजारा,ऋतिक बंजारा,अजय सिंह भाटी,इंद्रजीत गौतम,महेंद्र कुमार आदिवाल, मनोज आदिवाल, कैलाश चंद्र भंसाली, राकेश बोहरा, प्रवीण सांवरिया, मोनू आदिवाल,नीतू कटारिया,सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया तथा प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र निर्माण और समाजसेवा में जुटे रहने का संकल्प दोहराया।

## सार-समाचार

### इंजीनियर्स डे कार्यक्रम का आगाज

**पाली।** 2 सितंबर इंजीनियर्स डे के सिलसिले में डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर्स फोरम द्वारा अयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 7 सितम्बर को सडक सुरक्षा अभियान विषयक चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए फोरम के अध्यक्ष दिलीप परिहार ने बताया कि कक्षा पांच से आठ व कक्षा नो से बारह के दो ग्रुपों में आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता में एक स्कूल से एक ग्रुप में अधिकतम तीन विद्यार्थी भाग ले सकते है। विद्यार्थियों को ड्राइंग शीट फोरम द्वारा प्रदान की जाएगी । विद्यार्थी अपनी पसंद के कलर अपने साथ ला सकते है । एंट्री स्कूल द्वारा ही मान्य होगी। एंट्री ऑनलाइन भी फोरम की आधिकारिक वेबसाइट..पर की जा सकती है । फोरम के सचिव शंकरलाल राठौड़ ने बताया कि यह प्रतियोगीता फादर चिल्ड्रन स्कूल, आदर्श नगर में सात तारीख को सुबह नौ बजे आयोजित की जाएगी जिसमे अव्वल रहने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर पर फोरम द्वारा इंजीनियर्स डे पर सम्मानित किया जाएगा । फोरम की सांस्कृतिक सचिव दीक्षा बिस्सा ने बताया कि 12 सितंबर को समस्त पाली वासियों के लिए निशुल्क कवि सम्मेलन, 13 सितंबर को क्रिकेट, टेक्निकल सेमिनार , अंताक्षरी 14 सितंबर को इनडोर गेम्स , 15 सितंबर को सुबह सर मोक्षागुंडम विश्वेश्वरैया जी की मूर्ति पर माल्यार्पण और शाम को इंजीनियर्स डे मुख्य कार्यक्रम रखा जाएगा जिसमें इंजीनियर्स व उनके परिवार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को सम्मानित किया जाएगा ।

### अधिकारी कर्मचारी महासंघ का अभिनंदन

**जालोर** । अल्पसंख्यक अधिकारी, कर्मचारी महासंघ राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष हारून खान ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों को शामिल करने की घोषणा की । जिसमें जालोर के शहजाद खान को प्रदेश सचिव व फिरोज अली को संयुक्त सचिव नियुक्त करने पर जालोर शहर स्थित दरगाह गेबनशाह गाजी परिसर में सोमवार देर शाम को को अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष रमजान खान के सरपरस्ती में नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। जिलाध्यक्ष रमजान खान ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष ने अपनी प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सामान्य चिकित्सालय जालोर को प्रदेश सचिव व फिरोज अली वरिष्ठ अध्यापक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लेटा को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया । महासंघ के जिलाध्यक्ष रमजान खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व महामंत्री फिरोज खान प्रधानाचार्य ने नव नियुक्त प्रदेश सचिव व संयुक्त सचिव को माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने इनका माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव शहजाद खान ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए एक जुट होकर जमीन से जुडकर काम करना होगा और अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण करना होगा।

### प्रतिभाओं का सम्मान

**जालोर** । जालोर जिला मुख्यालय स्थित जाट समाज भवन परिसर में मंगलवार को लोक देवता वीर तेजाजी के बलिदान दिवस तेजा दशमी का पर्व जाट समाजबंधुओं ने बडे धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। सुबह वीर तेजाजी की आरती हुई। उसके बाद आयोजित सम्मेलन में समाज भवन संचालन का कोषाध्यक्ष राजू चौधरी ने आय-व्यय ब्यौरा पेश किया गया। बाद में समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जालोर जाट समाज अध्यक्ष सुखराम चौधरी ने कहा कि एक समय था जब जालोर में जाट समाज की संख्या कम थी, लेकिन धीरे धीरे संख्या बडी तो यहां समाज के भवन की आवश्यकता हुई। इसे देखते हुए यहां एक पेड के रूप में हमने समाज भवन की शुरुआत की, अब भावी पीढी को इसे वटवृक्ष के रूप में खडा करना है। उन्होंने समाज की एकजुटता पर बल दिया। एएसपी मोटाराम गोदारा ने कहा कि समाज में नशे की प्रवृति को कम करने की जरूरत है, नशा परिवार को बर्बाद करता है, उसी पैसे को शिक्षा पर खर्च करो तो समाज का उत्थान होगा। जालोर एसडीएम मनोज चौधरी ने युवा पीढी को व्यक्तित्व विकास सलाह दी।

# मन की बात कार्यक्रम में जालोर दूसरे स्थान पर

■ **जालोर की धरती ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि यहाँ की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और दृष्टिकोण के साथ पूर्ण निष्ठा और आस्था से खडी है। यह विजय संगठन की ताकत, जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का जीवंत उदाहरण है।**

**जालोर,** 2 सितम्बर(कासं)।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में जालोर जिले ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए पूरे राजस्थान में दूसरा स्थान तथा पूरे भारत में इतिहास रचते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

यह उपलब्धि जालोर जिले द्वारा एक ही दिन में 1351 बूथों पर सामूहिक रूप से कार्यक्रम आयोजित कर हासिल की गई, जो अद्वितीय और प्रेरणादायी है। यह असाधारण सफलता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं प्रदेशाध्यक्ष मदनलाल राठौड के निर्देशों की पालना में जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के कुशल नेतृत्व तथा जिला संयोजक सुरेश कुमार सोलंकी के निर्देशन में संभव हो सकी। जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने बताया कि जालोर की यह उपलब्धि केवल एक कार्यक्रम की सफलता नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, निरंतर जनसंपर्क और जनता के उत्साहपूर्ण सहयोग का परिणाम है। जालोर की धरती ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि यहाँ की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और दृष्टिकोण के साथ पूर्ण निष्ठा और आस्था से खडी है। यह विजय संगठन की ताकत, जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं की मेहनत का जीवंत उदाहरण है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं समस्त जिलापदाधिकारियों, विधानसभा संयोजकों, मंडल अध्यक्षों, मंडल पदाधिकारीयो ,कर्मठ कार्यकर्ताओं, जागरूक नागरिकों व विशेष कर बूथ अध्यक्षों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके समर्पण और अथक प्रयासों ने इस ऐतिहासिक सफलता को संभव बनाया है। मन की बात जिला संयोजक सुरेश कुमार सोलंकी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित को फोन कर राजस्थान में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर बधाई शुभकामनाएं दी।

### सात दिवसीय महोत्सव सम्पन्न

**रेवदर** (निसं)। समीपवर्ती गांव मगरीवाडा में श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का समापन गणेश विसर्जन के साथ हुआ। महोत्सव 27 अगस्त से 2 सितंबर 2025 तक चला । श्रद्धालुओं ने बैंड-बाजे के साथ गणपति की झांकी पूरे गांव में निकाली। शोभायात्रा में ढोल-नगाडों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते चले। यात्रा आम चौराहे( गणेश चौक) से शुरू होकर बस स्टैंड , रामदेव मंदिर और होली चौक से होते हुए आगे बढी। पूरे गांव में शोभायात्रा निकालने के बाद श्रद्धालु जावल नदी में पहुंचे जहां गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों ने गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाए। भावुक श्रद्धालुओं ने अगले वर्ष पुन: आने की प्रार्थना के साथ गणपति जी को विदाई दी। कार्यक्रम में गांव के समस्त युवा साथी और माता- बहने सहित कई बडे बुजुर्ग गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ओमप्रकाश सोनी की स्मृति में 75 यूनिट रक्तदान

■ **105 मरीजों की जांच डॉक्टर द्वारा की गई जिस मे ब्लड बैंक लेब प्रभारी मांगीलाल चौधरी ने बताया की नियमित रूप से रक्तदान करने से कभी कोई बीमारी नही होती ओर शरीर को एक नई ऊर्जा मिलती है ओर हार्ड अटेक का खतरा कभी नही रहता हर व्यक्ति को 6 महीने मे एक बार ब्लड देना चाहिए**

**पाली** 2 अक्टूबर देविका सेवा संस्थान के तत्वाधान मे समाज सेवी ओमप्रकाश सोनी के पंचम पुण्यतिथि के उपलक्ष्य मे रक्तदान शिविर,निशुल्क चिकित्सा सुविधा,निशुल्क शुगर बीपी जांच,निशुल्क दवाईयां का आयोजन रजत नगर केशव भवन मे रखा गया जिस मे 75 यूनिट रक्तदान किया गया 105 मरीजों की जांच डॉक्टर द्वारा की गई जिस मे ब्लड बैंक लेब प्रभारी मांगीलाल चौधरी ने बताया की नियमित रूप से रक्तदान करने से कभी कोई बीमारी नही होती ओर शरीर को एक नई ऊर्जा मिलती है ओर हार्ड अटेक का खतरा कभी नही रहता हर व्यक्ति को 6 महीने मे एक बार ब्लड देना चाहिए जिस से नया ब्लड बनता रहता हैसंस्थान के संस्थापक नीरज सोनी ने बताया की पिताजी ओमप्रकाश सोनी लोगों की सेवा मे हमेशा तैयार रहते थे बस उनके बताये हुए मार्ग पर चलाना सिखा ओर पिताजी के जाने के बात नियमित रुप से सेवा को हि अपना धर्म बना दिया 5 सालो मे करीब 30 से ज्यादा शिविर ओर 2 हजार यूनिट रक्तदान ओर लोगो को हमेशा रक्तदान के लिए प्रेरित करते रहते है

अमित सोनी ने बताया की मेढ क्षित्रय स्वर्णकार समाज जिला अध्यक्ष जवरीलाल कुकरा,पूर्व चरमेन रेखा राकेश भाटी द्वारा दीप प्रवज कर शिविर को चालू किया गया जिस मे सरक्षक विजयराज सोनी जिला महामंत्री प्रकाश धुपड जिला प्रवक्ता रामकिशोर सोनी, पाली तहसील अध्यक्ष देवीलाल सोनी, डॉक्टर मांगीलाल चौधरी,डॉक्टर लक्ष्मण सोनी, डॉक्टर रेखा सीरवी, चंद्रप्रकाश सोनी, सोनाला खेतलाजी महाराज दिलीप सोनी, देविका सेवा संस्थान अध्यक्ष शक्तिदान सिंह सोढा, गणपत अडाणिया,जयंतीलाल सोनी, मोतीलाल सोनी, रामनिवास सोनी, बाबूलाल सोनी, किशन सोनी,सेन समाज अध्यक्ष सम्पत सेन गुण प्रकास,जगदीश, रतना राम जाट,श्रवण पटेल, पवन,डॉक्टर अरविन्द पटेल, डॉक्टर शिव प्रताप विश्नोई, भवर कवर, बलवीर सीरवी, भीमराज चौधरी, महेंद्र वैष्णव, राकेश लिम्बा, अशोक, रमजान मेहर, गजेंद्र, अरुण, मनीष, विक्रम,राकेश, प्रवीण, सुभाष, दोलाराम पटेल, प्रेमसुख, लक्षित, हरीश,दीपक ललित, भावेश, करण सिंह,अनिल चौहान, मनीष सेन, पुष्पा, ममता, सोनल, दीपिक राखी, समाज बंधु साहित मोहल्ले वाशी मौजूद रहे

### पूर्व मुख्यमंत्री राजे का पोकरण में स्वागत

**पोकरण** (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजेका मंगलवार को जोधपुर से सडक मार्ग से पोकरण पहुंचने पर भाजपा जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों वकार्यकर्ताओं ने जोरदार पुष्पों की वर्षा कर उत्साह के साथ पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

पूर्व विधायक सांग सिंह भाटी, पूर्व भाजपा जुगल किशोर व्यास और भाजपा युवा नेता गुलाब सिंह गडी, व्यापार संघ के अध्यक्ष राजेश व्यासके नेतृत्व में राजे का राजस्थानी चुनरी ओढाकर एवं पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को आहवान केंद्र एवं राज्य सरकार कि जन-जन की महत्वपूर्ण योजनाओं को आम जनता तक पहुंच कर ला पहुंचावे, वही कार्यकर्ताओं नेराजे के साथ सेल्फी लेकर अपनी खुशी भी साझा की। स्वागत समारोह में भाजपा प्रभारी संतोष पालीवाल, नगर मण्डल महामंत्री अचलाराम प्रजापत, उपाध्यक्ष मुकेश रंगा, युवानेताराजू माली, रमेश टावरी, पार्षद दिनेश व्यास, उम्मेद सिंह झलोडा सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।







**Jalore Nagrik Sahakari Bank Ltd.**
Head Office: Near Haridav Joshi Circle, Jalore (Rajasthan)
Email ID :- headoffice@jalorebank.com
Bank Website:- www.jalorebank.com
Mobile No. 94138-54111

क्रमांक-जानासबैकलि/5443 दिनांक-2/9/25

**निविदा सूचना**

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड को वर्ष 2025-26 के लिए स्टेशनरी (दैनिक प्रयोग की स्टेशनरी, सिक्युरिटी स्टेशनरी एवं रजिस्टर इत्यादि) मुद्रण हेतु इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) से निविदाएँ आंमत्रित की जाती है।
अतः इच्छुक पंजीकृत एवं अनुभवी, प्रतिष्ठित फर्म / कम्पनी (GST Firm) अपनी निविदा (Technical & Financial Bid) के अलग-अलग सील बन्द लिफाफे में दिः 15-09-25 सांय 4 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय में रखे गये टेण्डर बॉक्स में डालना सुनिश्चित करें।
विस्तृत विवरण, शर्ते, मात्रा इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी बैंक की वेब साईट www.jalorebank.com पर उपलब्ध है।

परमानन्द भट्ट
मुख्य कार्यकारी अधिकारी


# सांसद उम्मेदाराम बाडमेर व गुडामालानी क्षेत्र के धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए

**बालोतरा,** (निसं)। बाडमेर जिले में रविवार रात्रि को धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने वाले धार्मिक जागरण के आयोजनों में भाग लेते हुए सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने बाडमेर के बिशाला ग्राम में आयोजित एक शाम श्री गोगाजी महाराज के नाम जागरण कार्यक्रम तथा गुडामालानी क्षेत्र के सडेचा गांव में आयोजित एक शाम श्री पेमा बाबा गोगाजी महाराज के नाम भव्य रात्रि जागरण में शामिल हुए।

इस अवसर पर कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा कि गोगाजी महाराज एवं लोकदेवता हमारे समाज की आस्था और धार्मिक विश्वास के प्रतीक हैं। धार्मिक और आस्था से जुडे ऐसे आयोजनों से न केवल समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मकता का प्रसार होता हैं बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता की भावना को भी मजबूती देते हैं। उन्होंने कहा कि आस्था और संस्कृति से जुडे ऐसे आयोजन न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं बल्कि आने वाली पीढियों को भी सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हैं। और सांसद बेनीवाल ने कहा कि समाज के सर्वांगीण उत्थान और उन्नति के लिए धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ ही समाज को शिक्षा और जागरूकता की दिशा में भी आगे बढाने व विशेष बल देना जरूरी हैं । उन्होंने बताया कि शिक्षा ही वास्तविक सामाजिक उत्थान का आधार है और इससे ही आपसी सहयोग, सौहार्द और प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। शिक्षा ही वह आधार है जो समाज को प्रगतिशील बनाती है। सांसद ने आव्हान किया कि सामाजिक सौहार्द और सहयोग की भावना का विस्तार आवश्यक है। यदि हम धार्मिक विश्वास के साथ सामाजिक और शैक्षिक उत्थान को जोडते हैं तो समाज को नई दिशा और दशा मिल सकती है। इसलिए हम शिक्षा को बढावा दें, जिससे आने वाली पीढियाँ मजबूत और जागरूक बन सकें। सांसद बेनीवाल ने इस अवसर पर आयोजकों और श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं।


Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA

**आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड**
(सीआईएन: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालयः 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020, राजस्थान, भारत | फोन: +91 141 661 8800
फैक्स: +91 141 661 8861 | ईमेल: info@aavas.in | वेबसाइट: www.aavas.in

**सार्वजनिक सूचना**
**सांचौर शाखा बंद करने की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड अपनी **सांचौर शाखा, पहली मंजिल, केसर कॉम्प्लेक्स, गोपाल प्लाजा के पास, हाडेचा बस स्टॉप, सांचौर, जिला - जालौर, राजस्थान - 343041** स्थित, इस सूचना की तिथि के तीन माह बाद से स्थायी रूप से बंद कर रही है। सांचौर शाखा के सभी ग्राहकों से अनुरोध है कि शाखा बंद होने के पश्चात उनके खाते और संबंधित सेवाएं हमारी निकटतम शाखा - **भीनमाल शाखा, पहली मंजिल, एक्सिस बैंक के ऊपर, स्टेशन रोड, भीनमाल, राजस्थान - 343029** द्वारा सुचारु रूप से संचालित की जाएंगी। किसी भी सहायता के लिए, ग्राहक हमारे हेल्पलाइन नंबर 1800-20-888-20 पर या अपनी निकटतम शाखा पर सम्पर्क कर सकते हैं।

स्थानः जयपुर
दिनांकः 02 सितम्बर 2025

आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड के लिए
एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी